# मेहताब हत्याकांड मामले में फरार दो ईनामी आरोपी गिरफ्तार

**धौलपुर, ( निसं )।** धौलपुर जिले के मनियां कस्बे में 8 सितंबर 2023 को हुए मेहताब गुर्जर हत्याकांड के मामले में एक साल से फरार चल रहे वांछित ईनामी दो आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है, जिन पर जिला पुलिस अधीक्षक धौलपुर की ओर से 15-15 हजार रुपये का ईनाम घोषित किया गया था। इसी हत्याकांड के मामले में तीन आरोपी पहले ही गिरफ्तार हो चुके हैं। हत्याकांड का यह मामला काफी चर्चित रहा है।

■ इसी हत्याकांड के मामले में तीन आरोपी पहले ही गिरफ्तार हो चुके हैं



पुलिस की गिरफ्त में ईनामी आरोपी।

थाना प्रभारी नरेश शर्मा ने बताया कि सोने का गुर्जा थाना पुलिस के साथ कार्रवाई करते हुए मेहताब गुर्जर पुत्र प्रधुम्न सिंह हत्याकांड के मामले में फरार चल रहे 15-15 हजार रुपए के इनामी आरोपी राम लक्ष्मण उर्फ धवल पुत्र रामवीर गुर्जर निवासी बचन सिंह का पुरा रांडोली थाना मनियां हाल निवास तहसील रोड मनियां और थान सिंह उर्फ गब्बर पुत्र मेवाराम गुर्जर निवासी करका खेरली थाना दिहौली हाल निवास बचन सिंह का पुरा रांडोली को गिरफ्तार किया है। थाना प्रभारी नरेश शर्मा में बताया कि सोने का गुर्जा पुलिस के साथ कार्रवाई करते हुए दोनों आरोपियों को सकतपुर चौराहे के पास से गिरफ्तार किया है। जिनको न्यायालय में पेश किया गया है, जहां से पीसी डिमांड पर चल रहे हैं। हत्याकांड के मामले में दोनों आरोपियों से पूछताछ की जा रही है।

थाना प्रभारी ने बताया कि 8 सितंबर 2023 को मनियां कस्बा स्थित सरपंच प्रतिनिधि पवन टेंट वाले के यहां शाम करीब छह बजे जलालपुर निवासी अचल सिंह, धीरज उर्फ धीरेंद्र, उधम सिंह और मेहताब गुर्जर पुत्र प्रधुम्न सिंह किसी काम से आए हुए थे। इसी दौरान पहले से घात लगाए बैठे आरोपियों ने आते ही मेहताब गुर्जर को दुकान के अंदर से बाहर खींच लिया और उस पर ताबड़तोड़ गोलियां चलानी शुरू कर दी। आरोपियों ने फायरिंग करते हुए कई गोलियां मेहताब गुर्जर के सीने में उतार दी, जिससे मौके पर ही उसकी मौत हो गई। थाना प्रभारी ने बताया कि हत्याकांड को अंजाम देने के बाद हथियार लहराते हुए आरोपी अपनी अपनी मोटरसाइकिलों से वहां से भाग गए। इसी पूरे हत्याकांड मामले को लेकर श्याम सुंदर पुत्र निरंजन गुर्जर निवासी जलालपुर ने आरोपियों के खिलाफ नामजद रिपोर्ट दर्ज कराई थी। जिस मामले पर कार्रवाई करते हुए 18 सितंबर 2023 को आरोपी सुमित कुमार उर्फ शेरा पुत्र ज्वाला प्रसाद गुर्जर निवासी जलालपुर हाल निवास बजरंग कॉलोनी थाना कोतवाली धौलपुर, राहुल पुत्र गिरन्द सिंह गुर्जर निवासी जुगई का पुरा थाना दिहौली और राहुल पुत्र गोपाल सिंह कुशवाह निवासी सुम्मेरा का अड्डा मांगरोल रोड मनियां को पहले ही गिरफ्तार किया जा चुका है। इसके बाद हत्याकांड के उसी प्रकरण में फरार चल रहे आरोपी राम लक्ष्मण उर्फ धवल और थान सिंह उर्फ गब्बर की गिरफ्तारी के लिए जिला पुलिस अधीक्षक धौलपुर की ओर से 15-15 हजार रुपये का इनाम घोषित किया गया था।मेहताब हत्याकांड के मामले मुखबिर की सूचना पर सोने का गुर्जा थाना पुलिस के साथ कार्रवाई करते हुए दोनों आरोपियों को सकतपुर चौराहे से गिरफ्तार किया है।

मामले में दोनों आरोपियों से पूछताछ की जा रही है। पुलिस की कार्रवाई टीम में मनियां थाना प्रभारी नरेश चंद्र शर्मा, एएसआई मोहनलाल, कांस्टेबल लोकेश कुमार और विजय सिंह के साथ सोने का गुर्जा थाना प्रभारी भीम सिंह, हेड कांस्टेबल हल्केराम, कांस्टेबल पालिंदर और देवेंद्र शामिल रहे।

## जितेंद्र गोठवाल ने कर्मचारियों को किया सम्मानित

**जयपुर ।** भाजपा महामंत्री और खंडार विधानसभा विधायक जितेंद्र गोठवाल ने गणेश चतुर्थी के पावन अवसर पर जहां एक ओर प्रदेशवासियों को शुभकामनाएं दी, वहीं दूसरी ओर विश्व प्रसिद्ध त्रिनेत्र गणेश मंदिर मेला आयोजन में सफाई कर्मचारियों को सम्मानित कर हौसला बढाया। इतना ही नहीं, गणेश मेले में प्रदेशभर से पहुंच रहे श्रद्धालुओं के लिए चल रहे भंडारे में सेवाभाव का परिचय देते हुए प्रसादी तैयार करवाई और भक्तों को प्रसादी वितरण की।

भाजपा महामंत्री जितेंद्र गोठवाल ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने समाज के हर वर्ग के कल्याण की दिशा में कदम बढ़ाया है।

मोदी जी ने गरीब, दलित, शोषित और वंचित वर्ग को समाज की मुख्यधारा से जोड़ने का काम किया है।

## एसडीएम को सौपा ज्ञापन

**बयाना ( निस )।** स्थानीय सामाजिक संगठन खुला विचार मंच के सदस्यों व कस्बे के नागरिकों एवं वकीलों ने उपखंड अधिकारी राजीव शर्मा को मुख्यमंत्री के नाम दो सूत्री ज्ञापन सौंप कर समाधान की मांग की। खुला विचार मंच के संयोजक शैलेश शर्मा एडवोकेट ने बताया कि ज्ञापन में बयाना कस्बे के आबादी क्षेत्र की विद्युत आपूर्ति व्यवस्था को ग्रामीण क्षेत्र के खरैरी फीडर से अलग कर शहरी फीडर से जोडे जाने व बयाना के मदान क्षेत्र में नगर पालिका की ओर से गलत तरीके से किये जा रहे कचरे की डंपिंग को रुकवाए जाने की मांग करते हुए बताया है कि इस कचरे के कारण बयाना के भीतर बाड़ी आबादी क्षेत्र में मक्खी मच्छर व संक्रामक बीमारियां फैलने लगी हैं।

## चामुंडा मां की निःशुल्क पदयात्रा 10 सितंबर को

**गंगापुर सिटी ।** माँ चामुंडा देवी सेवा समिति सैमरदा वाली गंगापुर सिटी के तत्वाधान में 12वीं निःशुल्क पदयात्रा 10 सितंबर मंगलवार को प्रातः 7 बजे सीताराम जी के मंदिर पुरानी अनाज मंडी गंगापुर सिटी से पूजा अर्चना के बाद प्रस्थान करेगी। समिति कोषाध्यक्ष दुर्गा लाल जांगिड (सेवानिवृत्त कम्पाउन्डर)एवं महामंत्री प्रदीप कुमार गोयल ने बताया कि माँ चामुंडा देवी सैमरदा वाली की यह पदयात्रा सुबह 7 बजे सभी भक्तों द्वारा पूजा अर्चना के बाद गाजे बाजे के साथ नाचते गाते हुए रवाना होगी।

पदयात्रा सीताराम जी के मंदिर से प्रारंभ होकर पुरानी अनाज मंडी का चक्कर लगाते हुए फव्वारा चौक उदेई मोड सालोदा मोड होते हुए निकलेगी। पदयात्रा का यात्रा मार्ग में बहुत से भक्तों द्वारा चाय अल्पाहार करवाकर स्वागत अभिनंदन किया जाता है। यात्रा सुबह लगभग 9 बजे पंचमुखी हनुमान जी गंगाजी की कोठी पहुंचेगी जहां सभी यात्रियों के लिए समिति की ओर से नाश्ते की व्यवस्था है एवं दोपहर लगभग 1 बजे यात्रा कुडगांव होते हुए चैनपुर बालाजी पहुंचेगी जहां सभी यात्रियों के लिए दोपहर का भोजन होगा। चैनपुर बालाजी से यात्रा दोपहर बाद लगभग 4 बजे रवाना होकर शाम 6 बजे तक सैमरदा गांव पहुंचेगी और फिर सभी यात्री एक साथ शोभायात्रा के रूप में माता रानी के दरबार में पहुंचेंगे।

इस अवसर पर माता रानी के दरबार में विशाल छप्पन भोग एवं फूल बंगला झांकी तथा विशाल भंडारा का आयोजन किया जावेगा एवं रात्रि 9 बजे से माता रानी के दरबार में ही आगरा से आए हुए बेहतरीन कलाकारों द्वारा विशाल एवं भव्य जागरण किया जावेगा।

## हिंडौन में दस दिवसीय गणेश महोत्सव शुरू, मंदिरों से निकली कलशयात्रा

**हिंडौन सिटी।** गणेश चतुर्थी पर हो रहे दस दिवसीय गणेश महोत्सव का शुभारंभ हो गया। शहर के मंदिरों से कलश यात्रा और शोभायात्रा निकली। जिसका लोगों ने जगह-जगह स्वागत किया। दस से ज्यादा स्थानों पर हो रहे महोत्सव को लेकर अधिकांश सड़कों पर कलश व शोभायात्रा निकली।

महिलाओं के सिर पर कलश, गणेश जी के भजन-गीत व गणपति बप्पा मोरया के जयकारों से क्षेत्र गुंजयमान रहा। वहीं पाठक पाडा स्थित प्राचीन गणेश मंदिर में सुबह श्री गणेशजी व रिद्धि-सिद्धि, शुभ-लाभ की प्रतिमाओं को पंचामृत स्नान कराया गया। जिसके बाद उन्हें नव आभूषण, वस्त्र पहनाकर अलंकृत किया गया। यहां 3100 लड्डूओं का भोग लगाया गया। गणेश महोत्सव को लेकर आयोजन स्थलों पर सजावट की गई है। जिसमें टीकाकुण्ड मंदिर, चौबे पाडा के गणेश मंदिर, पाठक पाडा स्थित प्राचीन गणेश मंदिर, बसबारा पाडा के ठाकुरजी मंदिर, सराफा बाजार, जगदम्बा मार्केट, रूप कॉलोनी, शंकर आटा चक्की के पास, जाट की सराय आदि स्थानों पर शनिवार से गणेश महोत्सव प्रारंभ हुआ।7 से 17 सितंबर तक आयोजित होने वाले गणेश महोत्सव में कलश व शोभायात्रा के उपरांत विधि विधान से विघ्नहर्ता गणेशजी की सुबह करीब 11 बजे तक प्रतिमा विराजित हुई। चौबे पाडा में दसवां गणेश महोत्सव आयोजित हो रहा है। वहीं बसबारा पाडा में 9वां महोत्सव है।

टीकाकुण्ड मन्दिर में द्वितीय गणेश पूजा महोत्सव धूमधाम से मनाया जा रहा।

श्री गणेश महोत्सव समिति, टीकाकुण्ड मंदिर के संयोजक शिवकुमार सैनी व प्रवक्ता बलराम वर्मा ने बताया कि इस अवसर पर बयाना रोड स्थित श्री राम मंदिर से सुबह 8 बजे भव्य शोभायात्रा व कलश यात्रा निकाली गई। जिसमें 13 सितंबर को छप्पन भोग व फूल बंगला झांकी का आयोजन होगा। 15 सितंबर को भजन संध्या आयोजित होगी।

## तय्यब हुसैन की जयंती मनाई

**कामां ( निस )।** पूर्व शिक्षा राज्य मंत्री जाहिदा खान के नेतृत्व में कांग्रेसी कार्यकर्ताओं ने तीन राज्यों में मंत्री रहे चौधरी तय्यब हुसैन की जयंती को कांग्रेसी कार्यकर्ताओं ने प्रेरणा दिवस के रुप में मनाया। कांग्रेस के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष सचिन पायलट के जन्मदिन पर गौशाला पर 40 किलो गुड एवं 101 मन हरा चारा गार्यो के लिए खिलाकर गौशाला पर उपलब्ध कराया गया। पूर्व प्रधान जलीस खान ने बताया कि तीन राज्यों में मंत्री रहे चौधरी तय्यब हुसैन एवं राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के पूर्व अध्यक्ष सचिन पायलट का जन्मदिन सामूहिक रूप से मनाया गया। कामां कस्बे के राजकीय अस्पताल में मरीजों को फल वितरित किए गए।

## पी.एन.बी. ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान भरतपुर का दौरा किया

**भरतपुर ( निस )।** ग्रामीण एंव विकास मंत्रालय और राजस्थान सरकार के तत्वाधान में संचालित पंजाब नैशनल बैंक द्वारा संचालित पीएनबी ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान भरतपुर में पीएनबी अंचल प्रबंधक जयपुर राजस्थान आरके बाजपेयी द्वारा दौरा किया गया। कार्यक्रम का शुभारभ्भ मुख्य अतिथि माननीय अंचल प्रबंधक जयपुर आरके बाजपेयी, पीएनबी मंडल प्रमुख पीएनबी प्रमोद कुमार, उपमण्डल प्रमुख हरिमोहन मीना, पीएनबी सहायक महाप्रबंधक आर.एम गुप्ता, अग्रणी जिला प्रबंधक प्रशांत कुमार, पीएनबी आरसेटी निदेशक उपेन्द्र कुमार श्रीवास्तव द्वारा दीप प्रज्वलन एंव ईश वंदना के साथ किया गया। अंचल प्रबंधक आरके बाजपेयी के द्वारा पीएनबी आरसेटी से प्रशिक्षित सफल उद्यिमयों के द्वारा विभिन्न टेडों मे शुरू किये गये व्यवसायो के बारें में जानकारी ली एंव आरसेटी द्वारा समाज के बेरोजगार युवक युवतियों को ट्रेनिग के माध्यम से स्वरोजगार का हुनर विकसित करने के प्रयासों को सराहा। आयोजित कैम्प के दौरान अंचल प्रबंधक आर.के. बाजपेयी ने सभी सफल उद्यमी को भविष्य में आगे बढने की शुभकामनाएं दी। इस पहल के लिए पीएनबी आरसेटी डारेक्टर उपेन्द्र कुमार श्रीवास्तव एंव उनकी समस्त टीम को बधाई दी, प्रेरणादाई कैम्प की सभी ने भूरी भूरी प्रशंसा की गई कार्यक्रम के दौरान ही आरसेटी बाजार का भी आयोजन किया। सभी अतिथियों के द्वारा महिलाओं के द्वारा बनायें गयें उत्पादों की प्रशंसा की गई। पीएनबी मंडल प्रमुख प्रमोद कुमार ने सभी उद्यिमयों को प्रोत्साहन किया। पीएनबी आरसेटी के पूर्व प्रशिक्षित जो अब सफल उद्यमी बन गये है अब उनको ऋण आबण्टन किया गया।

## बारिश के पानी में बहे दो युवको को सुरक्षित निकाला

**करौली( नि.स. )।** जिला मुख्यालय पर होली खिड़कियां बाहर राधेश्याम फार्म हाउस के सामने शुक्रवार रात्रि को हुई झमाझम बारि'ा के बाद सडक पर जल भराव हो गया जिसमे से होकर निकली एक कार तेज बहाब के कारण बह गई जिसम सबार दो लोगो को रेस्क्यू कर सुरक्षित निकाल लिया गया।

जानकारी के अनुसार रात करीब 12:00 बजे एक कार सहित दो लोग पानी मे बह गए। सूचना पर पहुंची सिविल डिफेंस,एसडीआरएफ और पुलिस ने कार सवार दोनों लोगों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया जिससे बड़ा हादसा होने से टल गया। क्षेत्र में हुई जोरदार बारिश के कारण दो से तीन फीट पानी भरा होने के कारण आवागमन बाधित हो रहा है। कई मकानों और दुकानों में पानी घुस गया। करौली एएसपी शंकर लाल मीणा ने बताया कि रात करीब 12:00 बजे सुरजीत कुमार पुत्र जगदीश प्रसाद गुप्ता निवासी पुराने बस स्टैंड के पास करौली और जितेंद्र पुत्र प्रकाश निवासी भरतपुर कार में बैठ कर होली खिड़कियां मार्ग राधेश्याम फार्म हाउस के सामने से गुजर रहे थे। मार्ग पर पानी गहरा होने के कारण तेज बहाव में कार बहने लगी। कार को बहता देखकर उन्होंने कंट्रोल रूम पर घटना की जानकारी दी। सूचना पर सिविल डिफेंस करौली,एसडीआरएफ टीम,एएसपी शंकर लाल, डीएसपी अनुज शुभम और करौली कोतवाली जाब्ता मौके पर पहुंचा और कड़ी मशक्कत के बाद दोनों को सुरक्षित बाहर निकाला। सिविल डिफेंस और प्रशासन की सतर्कता ने दो लोगों की जिंदगी बचा ली। इस दौरान एसडीआरएफ प्रभारी फूलसिंह, सिविल डिफेंस प्रभारी प्रदीप सिंह, सिविल डिफेंस टीम के पवन,सचिन,अजय,पुष्पेंद्र सैनी,भूपेंद्र,ब्रजभूषण,तरुण,फरमान, एसडीआरएफ टीम से बलराम,बलकार सिंह,पुनीत,धर्म सिंह,सुनील कुमार,नरेश कुमार,लखपत सिंह शामिल रहे। इधर करौली जिला मुख्यालय पर बरसात का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है शुक्रवार की रात 7:00 बजे से शुरू हुई बारिश से सड़कों पर पानी बहे निकला और राधेश्याम फार्म हाउस रोड सहित वजीरपुर गेट बाहर गौशाला रोड पर पानी भराब होने के कारण रास्ता अवरुद्ध हो गया भारी बारिश के चलते करौली के रंगगमा तालाब पर बने शौचालय के पास वाली दीवार ढह जाने के कारण तालाब की दीवार कमजोर होती जा रही है इससे पूर्व भी गत दिनो हुई तेज बारिश के बाद एक हिस्सा ढह गया जिसकी अभी तक मरम्मत नहीं किए जाने से लोगों में आक्रोश व्याप्त है और यदि समय रहते शासन और प्रशासन ने इस ओर ध्यान नहीं दिया तो आने वाले समय में रंगगमा तालाब पर कभी भी बड़ा हादसा होने से इनकार नहीं किया जा सकता यही नहीं शहर के सायनाथ खिड़कियां बाहर रियासतकालीन बना परकोटे का एक हिस्सा ढह गया गनीमत यह रही कि उस दौरान नीचे कोई नहीं था नहीं तो एक बड़ा हादसा घटित हो सकता था।

## अवैध शराब सहित तस्कर गिरफ्तार

**करौली, ( निसं )।** करौली की लांगरा थाना पुलिस ने पिकअप गाड़ी पर रखे डीजे साउंड बॉक्स में भरकर ले जाई रही अवैध शराब की 20 पेटियों को जब्त किया है। पुलिस ने अवैध शराब के साथ ड्राइवर को भी गिरफ्तार किया है। पुलिस आरोपी से अवैध शराब को लेकर पूछताछ कर रही है। इस दौरान एक आरोपी पुलिस से बचकर फरार हो गया। लांगरा थाना अधिकारी बासुदेव बसवाल ने बताया कि गश्त के दौरान पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि कसियापुरा के रास्ते पर अवैध शराब का परिवहन हो रहा है। सूचना के आधार पर पुलिस मौके पर पहुंची, जहां कसियापुरा के कच्चे रास्ते से एक पिकअप मंडरायल की ओर जा रही थी। पिकअप को संदेह होने पर रुकवाकर जांच की तो पिकअप में डीजे साउंड के बॉक्स रखे हुए थे। ड्राइवर से पूछताछ की तो संतुष्टिपूर्ण जवाब नहीं मिला। इस दौरान पिकअप में रखे डीजे साउंड बॉक्स की जांच की तो उनमें अवैध शराब भरकर ले जाई जा रही थी। पुलिस ने अवैध शराब की करीब 20 पेटियों को जब्त किया है। पूछताछ में आरोपी शराब को लेकर उचित जवाब नहीं दे सका। पुलिस आरोपी से पूछताछ कर रही है। पुलिस ने आरोपी दामोदर उर्फ दामों ( 55 ) पुत्र रामजीलाल निवासी हनुमानपाड़ा मंडरायल को गिरफ्तार किया है। थाना अधिकारी ने बताया कि इस दौरान एक व्यक्ति पिकअप से कूदकर कसियापुरा की ओर भाग गया।

### कार्यालय ग्राम पंचायत मढाकॉकौली, पंचायत समिति सैपऊ ( धौलपुर )

क्रमांक/ग्रा.प./ई.नि.नि.सा./2024/47 दिनांक: 07.09.2024

**ई-निविदा सूचना 01/2024-2025**

ग्राम पंचायत परिक्षेत्र में महानरेगा एवम् ग्रामीण विकास एवम् पंचायतीराज की विभिन्न योजनाओं के तहत सम्पूर्ण वर्षवार स्वीकृत निर्माण कार्यों में निर्माण सामग्री आपूर्ति अनुमानित लागत लगभग 50.00 लाख के लिये सक्षम श्रेणी के पंजीकृत फर्मों से ऑनलाइन ई-निविदा दिनॉक 12.09.2024 को समय 10:00 एएम तक आमंत्रित की जाती है, जिसका UBN No. ZDH2425GLRC00278 है। विस्तृत विवरण https://.sppp.rajasthan.gov.in व https://eproc.rajasthan.gov.in पर देखा व डाउनलोड किया जा सकता है।

सरपंच, ग्राम पंचायत मढाकॉकौली — ग्राम विकास अधिकारी, ग्राम पंचायत मढाकॉकौली

### कार्यालय ग्राम पंचायत परौआ, पंचायत समिति सैपऊ ( धौलपुर )

क्रमांक/ग्रा.प./ई.नि.नि.सा./2024/05-11 दिनांक: 07.09.2024

**ई-निविदा सूचना 01/2024-2025**

ग्राम पंचायत परिक्षेत्र में महानरेगा एवम् ग्रामीण विकास एवम् पंचायतीराज की विभिन्न योजनाओं के तहत सम्पूर्ण वर्षवार स्वीकृत निर्माण कार्यों में निर्माण सामग्री आपूर्ति अनुमानित लागत लगभग 50.00 लाख के लिये सक्षम श्रेणी के पंजीकृत फर्मों से ऑनलाइन ई-निविदा दिनॉक 12.09.2024 को समय 10:00 एएम तक आमंत्रित की जाती है, जिसका UBN No. ZDH2425GLRC00277 है। विस्तृत विवरण https://.sppp.rajasthan.gov.in व https://eproc.rajasthan.gov.in पर देखा व डाउनलोड किया जा सकता है।

सरपंच, ग्राम पंचायत परौआ — ग्राम विकास अधिकारी, ग्राम पंचायत परौआ

### कार्यालय नगरपरिषद, करौली ( राज0 )

क्रमांक: 7703-7706 दिनांक:12.3.2024

**आपत्ती आमंत्रण सूचना**

सर्वसाधारण एवं हितबद्ध व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि दिनेश चंद गुप्ता पुत्र जगदीश प्रसाद खसरा नम्बर 5313,भूखण्ड संख्या 114, पट्टा संख्या 776/1996, क्षेत्रफल120 वर्गगज द्वारा आवासीय से व्यवसायिक परिवर्तन हेतु पत्रावली प्रस्तुत की है।कोई व्यक्ति / संस्था हितधारक उक्त पत्रावलियों / दस्तावेजों का अवलोकन , आपत्ती प्रस्तुत करना चाहता है , वह 15 दिवस में आपत्ती/उज्ज इस कार्यालय में प्रस्तुत कर सकता है. निर्धारित अवधि उपरान्त कोई आपत्ती अन्तर्विष्ट/समाहित नही की जावेगी तथा भू उपयोग परिवर्तन करने की अग्रिम कार्यवाही की जायेगी।

अयुक्त, नगरपरिषद, करौली

### कार्यालय ग्राम पंचायत करीमपुर, पंचायत समिति सैपऊ ( धौलपुर )

क्रमांक/ग्रा.प./ई.नि.नि.सा./2024/138 दिनांक: 05.09.2024

**ई-निविदा सूचना 02/2024-2025**

ग्राम पंचायत परिक्षेत्र में महानरेगा एवम् ग्रामीण विकास एवम् पंचायतीराज की विभिन्न योजनाओं के तहत सम्पूर्ण वर्षवार स्वीकृत निर्माण कार्यों में निर्माण सामग्री आपूर्ति अनुमानित लागत लगभग 50.00 लाख के लिये सक्षम श्रेणी के पंजीकृत फर्मों से ऑनलाइन ई-निविदा दिनॉक 14.09.2024 को समय 10:00 एएम तक आमंत्रित की जाती है, जिसका UBN No.ZDH2425GLRC00268 है। विस्तृत विवरण https://.sppp.rajasthan.gov.in व https://eproc.rajasthan.gov.in पर देखा व डाउनलोड किया जा सकता है।

सरपंच, ग्राम पंचायत करीमपुर — ग्राम विकास अधिकारी, ग्राम पंचायत करीमपुर

### कार्यालय ग्राम पंचायत पुरैनी, पंचायत समिति सैपऊ ( धौलपुर )

क्रमांक/ग्रा.प./ई.नि.नि.सा./2024/146 दिनांक: 05.09.2024

**ई-निविदा सूचना 02/2024-2025**

ग्राम पंचायत परिक्षेत्र में महानरेगा एवम् ग्रामीण विकास एवम् पंचायतीराज की विभिन्न योजनाओं के तहत सम्पूर्ण वर्षवार स्वीकृत निर्माण कार्यों में निर्माण सामग्री आपूर्ति अनुमानित लागत लगभग 50.00 लाख के लिये सक्षम श्रेणी के पंजीकृत फर्मों से ऑनलाइन ई-निविदा दिनॉक 14.09.2024 को समय 10:00 एएम तक आमंत्रित की जाती है, जिसका UBN No.ZDH2425GLRC00269 है। विस्तृत विवरण https://.sppp.rajasthan.gov.in व https://eproc.rajasthan.gov.in पर देखा व डाउनलोड किया जा सकता है।

सरपंच, ग्राम पंचायत पुरैनी — ग्राम विकास अधिकारी, ग्राम पंचायत पुरैनी

### कार्यालय ग्राम पंचायत सैपऊ, पंचायत समिति सैपऊ ( धौलपुर )

क्रमांक/प.स./लेखा/ई.नि./2024/ दिनांक: 05.09.2024

**ई-निविदा सूचना 03/2024-2025**

पंचायत समिति परिक्षेत्र में विधायक स्थानीय क्षेत्र विकास योजना (एमएलए धौलपुर) में पंचायत समिति कार्यकारी ऐजेंसी के तहत कुल 11 संकर्मों के सम्पादन हेतु उपर्युक्त श्रेणी के पंजीकृत संवेदकों से राजस्थान पंचायती राज नियम 1996 के नियम 181 के तहत निर्धारित प्रपत्र में अनुमानित राशि लगभग 77.00 लाख हेतु दिनांक 16.09.2024 को समय 10:00 एएम तक ई निविदा आमंत्रित की जाती है, जिनके यूबीएन नम्बर क्रमशः ZDH2425WSRC00273 है।

उक्त कार्यों का दोष निवारण एवम् उनके सुधार (डिफेक्ट लाइबिलिटी पीरियड) का उत्तरदायित्व कार्य पूर्णता के पश्चात नियमानुसार रहेगा। अन्य विवरण निविदा प्रपत्र में उपलब्ध है। विस्तृत विवरण https://.sppp.rajasthan.gov.in व https://eproc.rajasthan.gov.in पर देखा व डाउनलोड किया जा सकता है।

प्रधान, पंचायत समिति सैपऊ — विकास अधिकारी, पंचायत समिति सैपऊ

### कार्यालय ग्राम पंचायत जारौली, पंचायत समिति सैपऊ ( धौलपुर )

क्रमांक/ग्रा.प./ई.नि.नि.सा./2024/15 दिनांक: 05.09.2024

**ई-निविदा सूचना 02/2024-2025**

ग्राम पंचायत परिक्षेत्र में महानरेगा एवम् ग्रामीण विकास एवम् पंचायतीराज की विभिन्न योजनाओं के तहत सम्पूर्ण वर्षवार स्वीकृत निर्माण कार्यों में निर्माण सामग्री आपूर्ति अनुमानित लागत लगभग 50.00 लाख के लिये सक्षम श्रेणी के पंजीकृत फर्मों से ऑनलाइन ई-निविदा दिनॉक 14.09.2024 को समय 10:00 एएम तक आमंत्रित की जाती है, जिसका UBN No.ZDH2425GLRC00271 है। विस्तृत विवरण https://.sppp.rajasthan.gov.in व https://eproc.rajasthan.gov.in पर देखा व डाउनलोड किया जा सकता है।

सरपंच, ग्राम पंचायत जारौली — ग्राम विकास अधिकारी, ग्राम पंचायत जारौली

### कार्यालय ग्राम पंचायत हाजीपुर, पंचायत समिति सैपऊ ( धौलपुर )

क्रमांक/ग्रा.प./ई.नि.नि.सा./2024/37-43 दिनांक: 06.09.2024

**ई-निविदा सूचना 01/2024-2025**

ग्राम पंचायत परिक्षेत्र में महानरेगा एवम् ग्रामीण विकास एवम् पंचायतीराज की विभिन्न योजनाओं के तहत सम्पूर्ण वर्षवार स्वीकृत निर्माण कार्यों में निर्माण सामग्री आपूर्ति अनुमानित लागत लगभग 50.00 लाख के लिये सक्षम श्रेणी के पंजीकृत फर्मों से ऑनलाइन ई-निविदा दिनॉक 16.09.2024 को समय 10:00 एएम तक आमंत्रित की जाती है, जिसका UBN No.ZDH2425GLRC00272 है। विस्तृत विवरण https://.sppp.rajasthan.gov.in व https://eproc.rajasthan.gov.in पर देखा व डाउनलोड किया जा सकता है।

सरपंच, ग्राम पंचायत हाजीपुर — ग्राम विकास अधिकारी, ग्राम पंचायत हाजीपुर

### कार्यालय ग्राम पंचायत कूकरा-मॉकरा, पंचायत समिति कूकरा-मॉकरा ( धौलपुर )

क्रमांक/ग्रा.प./ई.नि.नि.सा./2024/26 दिनांक: 06.09.2024

**ई-निविदा सूचना 01/2024-2025**

ग्राम पंचायत परिक्षेत्र में महानरेगा एवम् ग्रामीण विकास एवम् पंचायतीराज की विभिन्न योजनाओं के तहत सम्पूर्ण वर्षवार स्वीकृत निर्माण कार्यों में निर्माण सामग्री आपूर्ति अनुमानित लागत लगभग 50.00 लाख के लिये सक्षम श्रेणी के पंजीकृत फर्मों से ऑनलाइन ई-निविदा दिनॉक 16.09.2024 को समय 10:00 एएम तक आमंत्रित की जाती है, जिसका UBN No.ZDH2425GLRC00274 है। विस्तृत विवरण https://.sppp.rajasthan.gov.in व https://eproc.rajasthan.gov.in पर देखा व डाउनलोड किया जा सकता है।

सरपंच, ग्राम पंचायत कूकरा-मॉकरा — ग्राम विकास अधिकारी, ग्राम पंचायत कूकरा-मॉकरा

### कार्यालय ग्राम पंचायत नगला हरलाल, पंचायत समिति सैपऊ ( धौलपुर )

क्रमांक/ग्रा.प./ई.नि.नि.सा./2024/14-19 दिनांक: 06.09.2024

**ई-निविदा सूचना 01/2024-2025**

ग्राम पंचायत परिक्षेत्र में महानरेगा एवम् ग्रामीण विकास एवम् पंचायतीराज की विभिन्न योजनाओं के तहत सम्पूर्ण वर्षवार स्वीकृत निर्माण कार्यों में निर्माण सामग्री आपूर्ति अनुमानित लागत लगभग 50.00 लाख के लिये सक्षम श्रेणी के पंजीकृत फर्मों से ऑनलाइन ई-निविदा दिनॉक 16.09.2024 को समय 10:00 एएम तक आमंत्रित की जाती है, जिसका UBN No.ZDH2425GLRC00275 है। विस्तृत विवरण https://.sppp.rajasthan.gov.in व https://eproc.rajasthan.gov.in पर देखा व डाउनलोड किया जा सकता है।

सरपंच, ग्राम पंचायत नगला हरलाल — ग्राम विकास अधिकारी, ग्राम पंचायत नगला हरलाल

### कार्यालय नगर निगम, भरतपुर

क्रमांक : न.नि.भ./स्कीम/2024-25/7810 दिनांक : 28.08.2024

**सार्वजनिक सूचना**

एस०एम० बिहार योजना भरतपुर के भूखण्ड संख्या 1 क्षेत्रफल 301.35 वर्गगज का आवासीय रूपान्तरण पट्टा विलेख क्रमांक 10014 दिनांक 02.08.2013 नगर सुधार न्यास, भरतपुर द्वारा श्री दीपेन्द्र कुमार शर्मा पुत्र श्री चन्द्रशेखर जाति ब्राह्मण निवासी - बुद्ध की हाट, भरतपुर के नाम जारी किया गया है।श्री दीपेन्द्र कुमार शर्मा पुत्र श्री चन्द्रशेखर ने उक्त भूखण्ड में से 822.37 वर्गफुट वतरफ पश्चिम जरिये रजिस्टर्ड वयनामा दिनांक 16.04.2021 के द्वारा श्रीमती जीतेन्द्री पत्नी श्री भरत सिंह को एवं शेष 924.5 वर्गफुट वतरफ दक्षिण जरिये रजिस्टर्ड वयनामा दिनांक 19.07.2021 के द्वारा श्री राजेन्द्र सिंह पुत्र श्री विपती को विक्रय कर दिया।तत्पश्चात् श्री राजेन्द्र सिंह पुत्र श्री विपती ने उक्त भूखण्ड में अपना हिस्सा 924.05 वर्गफुट जरिये रजिस्टर्ड दानपत्र दिनांक 22.07.2022 के द्वारा श्रीमती जीतेन्द्री पत्नी श्री भरत सिंह को दान कर दिया।आवेदिका श्रीमती जीतेन्द्री पत्नी श्री भरत सिंह जाति जाट निवासी - चार थोक, जघीना, तह० व जिला भरतपुर ने उक्त भूखण्ड का नाम परिवर्तन कराने हेतु आवेदन पत्र इस कार्यालय में प्रस्तुत किया है।उक्त भूखण्ड का नाम परिवर्तन करने की कार्यवाही इस कार्यालय द्वारा की जानी है।

इस सम्बन्ध में यदि किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो अन्दर अवधि सात दिवस में कार्यालय नगर निगम, भरतपुर में अपनी आपत्ति दर्ज करावें अन्यथा गुजरने म्याद आवासीय भूखण्ड संख्या 1, एस०एम० बिहार योजना भरतपुर का नाम परिवर्तन करने की कार्यवाही कर दी जावेगी एवं कोई आपत्ति स्वीकार्य नहीं होगी।

प्रभारी अधिकारी, स्कीम शाखा, नगर निगम, भरतपुर

### नाम/उपनाम परिवर्तन सूचना

मेरे बच्चों के शैक्षणिक दस्तावेजों में मेरा नाम बबली अंकित है तथा अन्य दस्तावेजों में बबली देवी अंकित है, ये दोनों नाम मेरे ही हैं। भविष्य में किए जाने वाले पत्र व्यवहार, राजकीय, अराजकीय कार्यों में मेरा नाम बबली देवी पत्नी श्री वेद प्रकाश सिंह निवासी बाड़ा बजीदपुर, पोस्ट कैमरी, तहसील नादौती, जिला गंगापुर सिटी के नाम से जाना जाए।

### कार्यालय नगरपरिषद करौली ( राज. )

क्रमांक:-1652 दिनांक: 03.09.2024

**निविदा सूचना**

सर्वसाधारण एवं पंजीकृत संवेदकों को सूचित किया जाता है कि नगरपरिषद करौली वर्ष 2024-2025 हेतु विभिन्न व्यवस्थाओं के कार्य के लिए निविदा दिनांक 18.09.2024 तक आमंत्रित की जाती है।

अतः इच्छुक एवं पात्र संवेदक दिनांक 18.09.2024 समय 1:00 पीएम. तक निविदा प्रपत्र परिषद की कोष शाखा से क्रयकर समय 3:00 पीएम को सीलबंद लिफाफे में प्रस्तुत कर सकते है जिन्हे दिनांक 19.09.204 को समय 3:00 पीएम. पर उपिस्थत संवेदकों के समक्ष खोला जावेगा। सशर्त निविदा स्वीकार नही की जावेगी। निविदा से सम्बन्धित शर्तें कार्यालय में कार्यालय समय में व sppp पार्टल पर देखी जा सकती है। निविदा स्वीकार/अस्वीकार करने का अधिकार परिषद में निहित होगा।

| क्र. सं. | नाम सामाग्री आपूर्ति | अनुमानित लागत व्यय ( लाखों में ) | अमानता 2% | निविदा शुल्क ( रू.में ) |
|---|---|---|---|---|
| 1 | नगर परिषद क्षेत्र में फोटोग्राफी/वीडियोग्राफी का कार्य | 3.90 | 7800 | 500 |
| 2 | मुद्रण /छपाई कार्य | 4.90 | 9800 | 500 |
| 3 | सफाई कार्य से सम्बन्धित सामग्री व उपकरण की सप्लाई कार्य | 9.90 | 19800 | 500 |
| 4 | बालपेन्टिग, चित्रकारी, दीवार लेखन का कार्य एवं पेटिंग सम्बन्धी अन्य कार्य | | | |
| 5 | पानी पीने का कैम्पर व पानी का टैंकर खडा करने, पानी का टैंकर प्रतिदिन | 4.90 | 9800 | 500 |
| 6 | परिषद में कीटनाशक पाउडर व फिनाईल सप्लाई करने का कार्य | 7.90 | 15800 | 500 |
| 7 | परिषद में फोटो स्टेट, कलर एवं ब्लैक एण्ड वाईट फोटो स्टेट | 1.50 | 3000 | 500 |
| 8 | परिषद में विभिन्न आयोजन यथा राष्ट्रीय पर्व, साधारण सभा आदि में चाय, नाश्ता व मिठाई सप्लाई करने का कार्य | 9.90 | 19800 | 500 |
| 9 | बैनर/होर्डिंगस के कार्य | 9.90 | 19800 | 500 |
| 10 | सफेदी, गुलाल, हरा रंग, पीला रंग, फूल, माला, बूक्के आदि सप्लाई का कार्य | 3.90 | 7800 | 500 |
| 11 | नगरपरिषद में हाईड्रा लगाने का कार्य | 9.90 | 19800 | 500 |
| 12 | स्टेशनरी सामग्री सप्लाई कार्य | 9.90 | 19800 | 500 |
| 13 | बन्दर/सुअर/गाय/सांड एवं आवारा जानवरों को पकडने का कार्य | 9.90 | 19800 | 500 |
| 14 | हाथगाडी का कार्य | 9.90 | 19800 | 500 |
| 15 | कचरा पात्र क्रय कार्य | 9.90 | 19800 | 500 |

शर्तें:-

1. अमानता राशि, निविदा शुल्क जरिये डी.डी. के माध्यम से प्राप्त की जावेगी।
2. कोई भी टेंडरदाता निविदा को जमा कराने में किसी कारण से लेट/विलम्ब हो जाता है, तो दायित्व सम्बन्धित का रहेगा।
3. आर.टी.पी.पी. एक्ट 2012 व 2013 मान्य होगा।
4. किसी भी निविदा को बिना बताए स्वीकृत/अस्वीकृत करने का अधिकार नगर परिषद करौली का होगा।
5. निविदा सम्बंधित अन्य सभी शर्तें किसी भी कार्य दिवस में कार्यालय एवं sppp पोर्टल पर देखी जा सकती है।
6. सशर्त एवं डाक तार से भेजी गई निविदा मान्य नही होगी।
7. मैन पावर से संबंधित समस्त निविदाओं में श्रम विभाग द्वारा निर्धारित दर से न्यूनतम दरें स्वीकार नही की जायेगी।
8. निविदादाता को इस कार्यालय एवं राज्य सरकार द्वारा समय-समय पर जारी निर्देशों/आदेशों की पालना सुनिश्चित करनी होगी।
9. निविदादाता को निविदा/शर्तों से संबंधित समस्त डॉक्यूमेंट लगाना अनिवार्य हैं।

( पूनम चौधरी ) सभापति, नगरपरिषद, करौली — ( करण सिंह ) आयुक्त, नगरपरिषद, करौली